# मध्यान भोजन की सब्जियों में चीटियां

## जनपद शिक्षा केंद्र किरनापुर के प्राथमिक स्कूल मडकापार का मामला

**बालाघाट, 9 अगस्त. यह एक गंभीर समस्या है कि स्कूल के मध्याह्न भोजन में चींटियाँ दिखाई दीं और सब्जियां फेंक दी गईं. मध्याह्न भोजन योजना के नियमों का उल्लंघन है, इसका उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है.**

यह मामला जनपद शिक्षा केंद्र किरनापुर के प्राथमिक स्कूल मडकापार कि है बात तो छोटी सी है किन्तु समस्या गंभीर है.मध्याह्न भोजन योजना, जिसे अब प्रधानमंत्री पोषण योजना के नाम से जाना जाता है, का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्कूल में मुफ्त में पका हुआ भोजन उपलब्ध कराना है, ताकि वे कुपोषण से बच सकें और उनकी शिक्षा में सुधार हो सके. इस



योजना के तहत, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिलना चाहिए, और भोजन में किसी भी तरह की अशुद्धता या कीड़े-मकोड़े नहीं होने चाहिए. जब स्कूल के मध्याह्न भोजन में चींटियाँ दिखाई देती हैं, तो यह दर्शाता है कि भोजन को ठीक से नहीं रखा गया है या भोजन बनाने की प्रक्रिया में स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा गया है. इसके अलावा, सब्जियों को फेंकना भी एक बड़ी समस्या है क्योंकि इसका मतलब है कि बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है. सबसे बड़ी यह चौकाने वाली बात है कि जब तेल में चीटियां थी तो सब्जि और दाल पक गये और बस बच्चों को परोसा जा रहा था जब किसी ने देखा सब्जी और दा ल में चीटियां दिखाई दी गई, सूत्र बताते है कि परोसे समय देखा तो कहा गया तो चीटियां नहीं ये तो जीरा है. जब स्कूल से बहार चीटियां खाने में परोसे जाने वाली खबर फैलने लगी तो स्कूल शिक्षिका एवं समूह महिलाओं द्वारा फेके जाने एवं दूसरी सब्जी बनाई जाने कि बात कही गई.

### जिम्मेदार कौन ?

यही गरीब के बच्चे है ना कि कोई पैसो वाले के ना हि सरकारी विभाग के अगर खाने में बच्चों परोसा जाता तो आज 30 से 35 बच्चों कि हॉस्पिटलों के बिस्तारों में देखा जाता. आखिर बच्चों के गरीब माता पिता कहा से लाते पैसे और इलाज करते. यह एक सवाल है निरीक्षण अधिकारी और शिक्षा केन्द्र किरनापुर कि है बात छोटी सी नहीं गंभीर समस्या और खबर बड़ी है. मामला स्थानीय अधिकारियों और शिक्षा विभाग के संज्ञान में लेना चाहिए. कर्मचारियों को भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर कड़ी कार्यवाही की जाये. ताकि भविष्य में



# लोगों की मदद करने 3 फीट गहरे पानी में उतरे कलेक्टर

**दमोह 9 अगस्त.** नगर में विगत दो-तीन घंटे से हुई बारिश से शहर से लगी सुभाष कॉलोनी में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए. यहां के रहवासियों को बचाने के लिए प्रशासन को नाव चलाकर लोगों को रेस्क्यू चलाकर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया. सुभाष कॉलोनी में बाढ़ जैसी स्थिति बनने की सूचना मिलते ही कलेक्टर कोचर अन्य अधिकारियों के साथ पहुंचे और करीब 3 से 4 फीट गहरे पानी में उतर गए. एसडीईआरएफ की टीम ने 15 से 20 महिलाओं का रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थान सामुदायिक भवन में छोड़ा है.

# खंडेलवाल ने राखी बंधवाकर लिया आशीर्वाद

▸ बहनों के सम्मान, सुरक्षा व सुख-समृद्धि के संकल्प का प्रतीक है रक्षाबंधन त्यौहार

**भोपाल, 9 अगस्त. भारतीय जनता पाटी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को रक्षाबंधन के पर्व पर बैतूल जिला भाजपा कार्यालय में बहनों से राखी बंधवाकर आशीर्वाद लिया.**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को बहनों ने विधि-विधान से तिलक कर राखी बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं संगठन में निरंतर सफलता की मंगलकामनाएं की. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सुख-समृद्धि के संकल्प का प्रतीक है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और मध्यप्रदेश में भाजपा की डॉ. मोहन यादव सरकार महिला सशक्तिकरण के कार्यों में जुटी हैं. मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार नारी शक्ति के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए कटिबद्ध है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रौपा और 'हर घर तिरंगा' अभियान में बहनों से सहभागिता करने का आग्रह किया. इस दौरान बड़ी सख्या में पूर्व सैनिकों ने भी बहनों से रक्षासूत्र बंधवाया.

# हादसे में जीजा-साले और दो बच्चों ने गंवाई जान

▸ दो बाइक की टक्कर, 4 लोगों की मौत

**मंडला, 9 अगस्त. जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार शाम को दो बाईक की भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई. यह दुर्घटना जारगा-जारगी ग्राम के पास हुई है. हादसे में जिनकी मौत हुई है, उनमें जीजा-साले और दो बच्चे शामिल हैं. इस हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए मंडला जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**



जानकारी अनुसार यह सड़क हादसा शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे हुआ. दोनों मोटरसाईकिल की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही चार लोगों ने दम तोड़ दिया. सभी मृतक सिवनी जिले के किंदरई थाना क्षेत्र के ग्राम रजरवाड़ा के निवासी बताए जा रहे हैं. पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मंडला जिला अस्पताल भेज दिया है.

### शोक की लहर

घटना की सूचना मिलते ही मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, महाराजपुर थाना प्रभारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की और घटनास्थल का मुआयना किया. पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या इस हादसे में किसी अन्य वाहन की भी भूमिका थी. इस हादसे ने पूरे इलाके में शोक की लहर है.

# मुहब्बत की दुकान का कार्यक्रम आज, दिग्विजय सिंह होंगे शामिल

**ग्वालियर,09 अगस्त.** मुहब्बत की दुकान नामक सामाजिक संस्था का कार्यक्रम रविवार, 10 अगस्त को बाल भवन में आयोजित किया गया है. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं उनके पुत्र पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह सहित अन्य विशिष्ट अतिथि महापौर डा शोभा सतीश सिकरवार, विधायकद्वय डा. सतीश सिंह सिकरवार, साहब सिंह गुर्जर आदि भाग लेंगे. मुहब्बत की दुकान के संरक्षक पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ल ने सभी सामाजिक संस्थाओं से कार्यक्रम में पधारने का अनुरोध किया है.



# इसे समझो ना रेशम का तार भैया...

**सिंगरौली 9 अगस्त.** ऊर्जाधानी में हर्षोउल्लास के साथ भाई-बहनों के अटूट प्यार, स्नेह का पर्व रक्षाबंधन मनाया गया. वही दूर-दूर से भाई-बहन घर पहुंच रक्षासूत्र बंधवाया. ऊर्जाधानी में आज इसे समझो ना रेशम का तार भैया, मेरी राखी का मतलब है प्यार भैया. इसे समझो ना रेशम का तार भैया, मेरी राखी का मतलब है प्यार भैया. सहित अन्य राखी के गीत शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में खूब सुनाई दे रहा था. ज्ञात हो कि आज दिन शनिवार के प्रात 5:47 बजे से दोपहर 1 बजकर 25 मिनट तक श्रेष्ठ रहा. श्रावण शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि आज दिन शनिवार 9 अगस्त के दोपहर 1:40 बजे प्रारंभ हुई और 9 अगस्त को 1:25 तक शुभ मुहूर्त में हर्षोउल्लास के साथ

**भाईयों के कलाई पर बहनों ने बांधा रक्षासूत्र, हर्षोउल्लास के साथ मना रक्षाबंधन का पर्व**

भाई-बहनों ने रक्षाबंधन पर्व मनाया. इस अवसर पर बहनों ने भाईयों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांध सुरक्षा का वचन मांगा. रक्षाबंधन के पर्व पर बहनों ने सबसे पहले भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर पूजा किया. तत्पश्चात कलाइयों में रक्षासूत्र बांधकर उत्साह पूर्वक रक्षाबंधन पर्व मनाया. वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार भी दिये. वहीं रविवार की शाम से ही कस्बों एवं शहर में चहल-पहल के साथ-साथ मिठाई एवं फल की दुकानों में ग्राहकों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं.

# हादसा : रेलिंग तोड़ पुल से लटक गया ट्रक



**मंडला,09 अगस्त.** कोतवाली थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-30 पर फूलसागर पुल पर शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ. जबलपुर रोड पर कार और मिनी ट्रक के बीच जोरदार टक्कर के बाद मिनी ट्रक पुल की रेलिंग तोड़ते हुए आधा बाहर लटक गया, जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. हादसे में कार चालक को मामूली चोट आई, जिसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया.

# 60 फीट से गिरा मूकबधिर, टूटी रीढ़ की हड्डी

**पेड़ की ऊंची शाखाओं पर काम कर रहा था, जिंदगी भर का दर्द मिला**

**ग्वालियर, 9 अगस्त. ग्वालियर में पेड़ काटने का काम एक मूक-बधिर मजदूर के लिए जिंदगी भर का अभिशाप बन गया. 35 वर्षीय जफर खान, जो जन्म से सुन और बोल नहीं सकता, गरीबी में दिन काटते हुए कभी नहीं सोच सकता था कि एक दिन मजदूरी की तलाश में उसे ऐसी चोट लग जाएगी, जिससे वो शायद कभी अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाएगा.**

परिवार और स्थानीय लोगों के मुताबिक पार्षद पति ने नगर निगम डिपो प्रभारी से कहकर जफर और उसके भाई को महाराज बाड़े स्थित भाजपा मुख्यालय मुखर्जी भवन पर पेड़ काटने के लिए भेजा था. जफर पेड़ की ऊंची शाखाओं पर काम कर रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह करीब 60 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा. गिरते ही उसका शरीर दर्द से तड़पने लगा उसकी आंखों में चीख थी, लेकिन मुंह से एक आवाज़ भी नहीं निकल रही थी, क्योंकि वह बोल नहीं सकता. उसकी हालत बेहद गंभीर है. रीढ़ की हड्डी चूर-चूर हो गई है.दाहिने पैर में गहरा फ्रैक्चर है.

### दोबारा खड़े होने की उम्मीद बेहद कम

डॉक्टरों के मुताबिक पैरों पर दोबारा खड़े होने की उम्मीद बेहद कम है .अब जिन लोगों ने उसे इस खतरनाक काम के लिए भेजा था, वही साफ़ मुकर रहे हैं. पार्षद पति का कहना है कि मैं तो भाजपा मुख्यालय के बाहर खड़ा था, गिरने के बाद सिर्फ अस्पताल पहुंचाने में मदद की. डिपो प्रभारी यतेंद्र भार्गव का कहना है कि मैं जफर को जानता ही नहीं, मैंने किसी को नहीं भेजा और न मुझे मालूम है वहां क्या हुआ. परिवार का आरोप है कि शुरुआत में इलाज का वादा किया गया, लेकिन अब दोनों ही हाथ खड़े कर चुके हैं.

# मंडी में जर्जर मकान धराशाई

**रीवा, 9 अगस्त, बरसात में नगर निगम द्वारा भयप्रद एवं जर्जर मकानो को गिराने की कार्यवाही शुरू की गई. लेकिन अधिकांश भयप्रद और जर्जर मकान हादसे को आमंत्रण दे रहा है, जिन्हे गिराया नही जा रहा है. रिमझिम बारिश के बीच शहर के सब्जी मंडी स्थित एक जर्जर मकान का आधा हिस्सा धराशाई हो गया. अच्छा था कि आसपास कोई नही था, जनहानि नही हुई.**

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा 30 भयप्रद एवं जर्जर मकान चिन्हित किये गये है. लेकिन उन्हे गिराने की कार्यवाही नही हो रही है. उपरहटी में एक मकान को गिराया गया था, उसके बाद से चिन्हित मकानो को गिराने की कार्यवाही नही की गई. सब्जी मंडी वार्ड 21 में स्थित जर्जर मकान बेहद जर्जर हो चुका है और कभी भी धराशाई हो सकता है.

स्थानीय लोगो ने कई बार शिकायत की, उसके बाद भी गिराने की कार्यवाही नही की गई. शनिवार की दोपहर रिमझिम बारिश के बीच मकान का एक हिस्सा धराशाई हो गया. आसपास कोई नही था जिससे किसी तरह की जनहानि नही हुई है. उल्लेखनीय है कि नगर निगम की नींद नही टूट रही है जर्जर मकान खड़े हुए है जो कभी भी धराशाई हो सकते है. इसी तरह गुड़हाई बाजार के पास भी एक जर्जर मकान है जिसको गिराने में नगर निगम द्वारा आनाकानी की जा रही है और यह मकान कभी भी धराशाई हो सकता है.

# चलती मैजिक वैन में आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

## निवास बरेला मार्ग में ग्राम हरदुली और ग्वारा के बीच हुई घटना

**निवास, 9 अगस्त. निवास-बरेला मार्ग में ग्राम हरदुली और ग्वारा के बीच एक चलती हुई मैजिक माल वाहक वाहन में अचानक आग लग गई. वाहन बेरला से निवास की ओर आ रहा था, इसी दौरान यह हादसा हो गया. इस हादसे में चालक ने वाहन से कूदकर जान बचाई.**

बताया गया कि वाहन में आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है. आग लगते ही चालक ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तुरंत वाहन से छलांग लगा दी. इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में चालक एक साइकिल सवार से पानी मांगता हुआ दिखाई दे रहा है और उसी पानी से आग बुझाने की कोशिश कर रहा है. बताया गया कि स्थानीय लोगों ने तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और जांच शुरू कर दी है. हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन मैजिक वैन पूरी तरह जलकर खाक हो गई. पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं यह कोई तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट के कारण तो वाहन में आग नहीं लगी. बताया गया कि चालक की सूझबूझ से हादसा टल गया. ऐसी घटनाओं से बचने के लिए वाहन चालकों और मालिकों को वाहनों की नियमित जांच करानी चाहिए व अग्निशमन उपकरणों को साथ रखना चाहिए.



# सिंह को बहनों ने बांधी राखी

**जबलपुर, 9 अगस्त. रक्षाबंधन के पावन अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के सरकारी आवास पर त्योहार की रौनक देखने को मिली. सुबह से ही बड़ी संख्या में बहनें मंत्री को राखी बांधने पहुंचीं.**



मंत्री ने दोनों हाथों में रक्षा सूत्र बंधवाए और सभी को उपहार दिए. इस मौके पर उनकी पत्नी भी मौजूद रहीं. रक्षाबंधन के उत्साह में डूबे मंत्री राकेश सिंह ने कहा इतनी बहनों का आशीर्वाद पाकर मैं गर्व महसूस करता हूं. एक बहन का आशीर्वाद भाई को अजेय बनाता है और यहां तो इतनी बहनों का स्नेह है, जिसका कोई मुकाबला नहीं. उन्होंने आगे कहा, पूरी दुनिया में भारत ही वह देश है, जहां रक्षा सूत्र बांधकर बहन भाई की लंबी आयु की कामना करती है और भाई बहन की सुरक्षा का संकल्प लेता है.

**कांग्रेस का हमला** ▸ पटवारी ने कुपोषण पर सरकार से पूछे तीखे सवाल, गरीब बच्चों की सरकार कर रही अनदेखी

# प्रदेश के माथे पर कुपोषण का कलंक आज भी लगा

**भोपाल, 9 अगस्त. मध्यप्रदेश में कुपोषण का मुद्दा एक बार फिर सियासी बहस के केंद्र में है. कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर आदिवासी व गरीब बच्चों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया है.**

पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक जीतू पटवारी ने ट्विटर के माध्यम से सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि जब भी कांग्रेस इस विषय पर सवाल उठाती है, तो



पूरे देश में नई बहस छिड़ जाती है. पटवारी ने तंज कसते हुए कहा कि मप्र के माथे पर कुपोषण का कलंक आज भी जस का तस है। उन्होंने आंकड़ों के जरिए सरकार पर प्राथमिकताओं के गलत निर्धारण का आरोप लगाया.

राज्य सरकार गायों के रखरखाव पर प्रतिदिन 40 रुपए खर्च कर रही है, जबकि कुपोषित आदिवासी बच्चों पर महज 8 से 10 रुपए का प्रावधान है. यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि सरकार के संवेदनहीन रवैये का सबूत है. उन्होंने कहा भाजपा सरकार रोजाना कर्ज के घी से नहा रही है लेकिन आदिवासी परिवारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है. उन्होंने दावा किया कि आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण की दर लगातार बढ़ रही है और सरकार की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं. पटवारी ने मांग की कि कुपोषण उन्मूलन के लिए बजट में तत्काल वृद्धि की जाए, ज़मीनी स्तर पर पोषण आहार की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और प्रत्येक ग्राम पंचायत में पोषण निगरानी समितियां गठित की जाएं.

> पटवारी ने कहा कि भाजपा ने चुनावों में संपन्न और समृद्ध मध्यप्रदेश का सपना दिखाया था, लेकिन हकीकत यह है कि गरीब और आदिवासी वर्ग अब भी दो वक्त की रोटी और पौष्टिक भोजन के लिए जूझ रहा है. जीतू पटवारी ने सवाल किया, क्या यह वही विकास है, जिसका वादा किया गया था?

# धूमधाम से मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**मंडला, 9 अगस्त. जिले में विश्व आदिवासी दिवस बड़े ही उत्साह और पारंपरिक अंदाज में मनाया जा रहा है. सुबह से ही आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-मांदर की थाप पर नाचते-गाते जुलूस के रूप में निकले. विभिन्न सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने कार्य.क्रम में भाग लेकर आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया.**

दोपहर में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ आदिवासी नृत्य और गीतों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया. वक्ताओं ने आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास,



परंपराओं और अधिकारों पर प्रकाश डाला. जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए और अतिथियों का आदिवासी रीति-रिवाजों से सम्मान किया गया. विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिले में दिनभर उल्लास का माहौल रहा और शाम तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्य.क्रम जारी रहने की संभावना है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुल पर खड़े अन्य वाहन चालक भी घबरा गए. ट्रक के पुल से लटकने के कारण दोनों ओर यातायात ठप हो गया और लंबा जाम लग गया. सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और .क्रेन की मदद से ट्रक को सुरक्षित खींचकर हटाया. इसके बाद सड़क पर यातायात सामान्य हुआ. गनीमत रही कि यह हादसा पुल के संकरे हिस्से में होने के बावजूद किसी बड़ी जनहानि में नहीं बदला.